>

Title: Need to take all necessary measures to assist flood affected people in Uttar Pradesh.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** उत्तर प्रदेश में लगभग सभी नदियों जैसे राप्ति, बुढ़ी राप्ति, सरजू, गंगा, बेतवा, जमुना नदी आदि में बाढ़ का प्रकोप जारी है जिससे लगभग दर्जनों जिले जैसे सिद्धार्थनगर, बस्ती, सन्त कबीर नगर, गोरखपुर, फैजाबाद, इलाहाबाद, वाराणसी आदि के सैकड़ों ग्राम प्रकोप में आ चुके हैं। इन नदियों के किनारे बसे गाँवों का अस्तित्व खतरे में है। किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा बाढ़ बचाव कार्य में काफी लापरवाही के चलते वहाँ की जनता में काफी रोष एवं आक्रोश व्याप्त है। इसलिए मैं बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए भारत सरकार से त्वरित कार्यवाही की मांग करता हूँ। उत्तर प्रदेश में इस वर्ष बाढ़ से लगभग 235 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 1500 गाँव जलमग्न हुए। काफी जन एवं धन की क्षति हुई है।